# वन पट्टाधारियों में 252 को मिला खेत तालाब व 298 को मिला कपिलधारा का लाभ



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेंद्र सिंह के मार्गदर्शन और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अग्रिम कुमार के निर्देशन में जिले के वन अधिकार पट्टाधारियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने और गरीबी में रहकर जीवन यापन करने वाले इन ग्रामीणों के सिंचाई के रकबे को बढ़ाकर कृषि उत्पादकता में वृद्धि के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत एक नई पहल की गई है।

इस पहल के तहत वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत आने वाले हितग्राहियों और अत्यंत जरूरतमंद किसानों को खेत तालाब और कपिलधारा कूपों का लाभ प्राथमिकता के आधार पर दिया गया है। अभी तक 252 वन पट्टाधारी हितग्राहियों को खेत तालाब और 298 वन पट्टाधारी हितग्राहियों को कपिलधारा कूपों से लाभान्वित किया जा चुका है। इस तरह अभी तक कुल मिलाकर 550 वन अधिकार पट्टाधारी इस योजना से लाभांवित हो चुके हैं।

इस नई पहल का एक प्रेरणादायक उदाहरण जनपद पंचायत चौरई के अंतर्गत पेंच टाइगर रिज़र्व के बफर जोन में स्थित ग्राम पंचायत जमतरा में सामने आया है। यहां स्वतंत्र भारत में पहली बार वन अधिकार पट्टाधारियों को एक साथ 12 खेत तालाब और 5 कपिलधारा कूप स्वीकृत किए गए हैं, जिनका कार्य भी प्रारंभ हो चुका। यह नवाचार जिला प्रशासन की दूरदर्शिता और समर्पित प्रयासों का प्रमाण है।

इस अभूतपूर्व पहल से लाभांवित सभी किसान अत्यंत प्रसन्न हैं। उनके चेहरों पर आई मुस्कान यह दर्शाती है कि अब उन्हें सिंचाई जल की समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा। खेत तालाबों ने वन पट्टाधारी किसानों के जीवन में एक नया मोड़ लाया है। अब किसान बरसात के पानी को संग्रहित कर सिंचाई के लिए उपयोग में ला सकते हैं। इसके अतिरिक्त ये तालाब मछली पालन जैसी लाभकारी गतिविधियों के लिए भी उपयुक्त हैं। इसी के साथ-साथ, कपिलधारा कूपों के निर्माण से किसानों को अतिरिक्त जल संसाधन उपलब्ध कराया जा रहा है। वन पट्टाधारी ग्रामीण इस परिवर्तन के लिए जिला कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के प्रति गहरी कृतज्ञता प्रकट कर रहे हैं।

यह कहानी केवल जल संरक्षण की नहीं, बल्कि उन किसानों की आशाओं, उम्मीदों और भविष्य के प्रति उनके नए विश्वास की है, जिनके जीवन में जल गंगा अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा की गई यह पहल पानी का नहीं बल्कि समृद्धि का प्रवाह लेकर आई है जिससे जल, जंगल, जमीन से आमजनों को काफी फायदा होगा और जल स्तर भी बढ़ेगा।



## समर कैम्प का भव्य शुभारंभ, छिन्दवाड़ा पुलिस एवं खेल युवा कल्याण विभाग की संयुक्त पहल

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अजय पांडेय के निर्देशन में छिंदवाड़ा पुलिस एवं खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा संयुक्त रूप से पुलिस लाइन ग्राउंड में समर कैंप का शुभारंभ किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य जिले के युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना एवं उन्हें निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करना है।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता (आईपीएस), डीएसपी (आजाक) राजेश बंजारे, एसडीओपी अमरवाड़ा रविंद्र मिश्रा तथा सूबेदार लोहित की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण विभाग से जुड़े विभिन्न खेलों के प्रशिक्षक भी मौजूद रहे। इस 31 दिवसीय समर कैंप का संचालन 1 मई से 31 मई तक किया जाएगा जिसमें एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, कराटे, ताइक्वांडो, फुटबॉल, बैडमिंटन और कबड्डी जैसे आठ प्रमुख खेलों का प्रशिक्षण निःशुल्क रूप से प्रदान किया जाएगा। इस आयोजन में मुख्य भूमिका रक्षित निरीक्षक आशीष तिवारी द्वारा निभाई जा रही है जो समूचे कार्यक्रम का समन्वय कर रहे हैं। यह समर कैंप जिले के युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर हैए जिससे वे खेलों में अपनी प्रतिभा निखार सकते हैं और अनुशासन, टीम वर्क तथा फिटनेस जैसे जीवन मूल्यों को आत्मसात कर सकते हैं।

### सार-समाचार

## सांसद ने जिले के किसानों और संबल के हितग्राहियों को करोड़ों की राशि वितरित की



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्ट्रेड कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजनांतर्गत जिले के 2,26,986 किसानों को 12वीं किस्त के रूप में 45.39 करोड़ वितरित किये। वहीं मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना में जिले के 981 हितग्राहियों को 21 करोड़ 16 लाख की राशि भी वितरित की गई। इस दौरान कार्यक्रम को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्चुअल संबोधित किया।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत प्रदेश के 85 लाख से अधिक किसानों को 1704.94 करोड़ की राशि का वितरण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री यादव ने किसानों को वर्चुअल संबोधित करते हुए किसानों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। सीएम किसान योजना अंतर्गत 12 वीं किस्त के रूप में प्रत्येक किसान को आधार लिंक खाते में 2000 की राशि उनके खाते में डाली गई हैं। जिसके तहत परासिया के 12918, चौरई के 21054, बिछुआ के 16500, जुन्नारदेव के 26070, उमरेठ के 18149, चांद के 12575, छिन्दवाड़ा के 18798, मोहखेड़ के 29969, छिन्दवाड़ा नगर के 2326, तामिया के 14852, अमरवाड़ा के 33458, हर्रई के 20327 के किसान शामिल है।

इसी तरह मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना में जिले के 981 हितग्राहियों को 21 करोड़ 16 लाख की राशि दी गई है। जिसके अंतर्गत अनुग्रह सहायता एवं दुर्घटना सहायता के हितग्राही शामिल है। जिसके तहत जनपद पंचायत अमरवाड़ा के 108, बिछुआ के 50, छिन्दवाड़ा के 83, चौरई के 95, हर्रई के 32, जुन्नारदेव के 127, मोहखेड़ के 128, परासिया के 145, तामिया के 55, नगरनिगम छिन्दवाड़ा के 71, नगरपालिका परासिया के 9, अमरवाड़ा के 3, चौरई के 10, दमुआ के 8, जुन्नारदेव के 18, बड़कुही के 9, बिछुआ के 2, चांद के 3, चांदामेटा के 10, हर्रई के 6 एवं न्यूटन चिखली के 9 प्रकरण शामिल है। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कलेक्टर शीलेन्द्र सिंहए महापौर विक्रम अहके, वरिष्ठ नेता राजू नरोटे, मंडल अध्यक्ष सौरभ ठाकुर, नवीन बारस्कर, श्रीमती लीला बजोलिया, रमाकांत पटेल, नीलू क्षत्रिय, निशा गोस्वामी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

## मजदूर दिवस पर विधिक साक्षरता एवं जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर कल 01मई 2025 को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा सुशांत हुद्दार के निर्देशन में राकेश सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा की उपस्थिति में गुरैया सब्जी मंडी परिसर छिंदवाड़ा में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित श्रमिकों को नालसा श्रमिकों के लिए विधिक सेवा योजना 2015 की जानकारी दी गई, साथ ही शासन के द्वारा श्रमिकों के कल्याण हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में विजय कुमार खोब्रागड़े, जिला विधिक सहायता अधिकारी छिंदवाड़ा, वासुदेव इंगोले, सहायक उपनिरीक्षक गुरैया मंडी, योगेश बारापात्रे आदि।



## मजदूर दिवस पर कर्मचारियों को मिला बढ़ा हुआ वेतन

**परासिया, देशबन्धु।** गत 01 मई 2025 को मजदूर दिवस पर नगर परिषद चांदामेटा बुटरिया के अध्यक्ष गोविन्द बजोलिया, उपाध्यक्ष अमजद खान समस्त पार्षदगणों द्वारा सभी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को लगभग 2000 से 2500 हजार रू बढ़े वेतन का लाभ दिया एवं समस्त कर्मचारियों का फूल माला पहनाकर सम्मान किया। अध्यक्ष द्वारा कहाँ गया कि भविष्य में भी परिषद निकाय के कर्मचारियों के हित में कार्य करते रहेगें। सभा कर्मचारियो नें अध्यक्ष एवं परिषद का व मुख्य नगरपालिका अधिकारी का अभार व्यक्त किया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य नगरपालिका अधिकारी भरत गजबे, उपयंत्री विनय कुमार शुक्ला, विनोद मिश्रा, कृष्णकांत तिवारी, रामलाल दुबे, दीपक अहिरवार एवं समस्म कर्मचारी उपस्थित थे।



## मेहरा डेहरिया समाज के पदाधिकारियों ने ली शपथ

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मेहरा डेहरिया समाज समिती की ब्लाक कार्यकारणी के गठन के बाद आज तामिया रोड स्थित आंशिक रेस्टोरेंट में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें महिला एंव पुरूष वर्ग के नव नियुक्त पदाधिकारियों को जिले से पहुचे मेहरा डेहरिया समाज के जिला मुख्य सलाहकार शिवनारायण डेहरिया, जिला अध्यक्ष लोकेश डेहरिया सहित पदाधिकारियों ने शपथ दिलाकर समाज के उत्थान एंव संगठन की मजबूती को लेकर निष्ठा पूर्वक ईमानदारी से काम करने की अपेक्षा की।



कार्यक्रम के शुरुआत में अतिथियों द्वारा सबसे पहले डॉक्टर भीमराव अंबेडकर बाबा साहेब के छाया चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया। इसके बाद सभी सामाजिक अथिति गणो का तिलक एंव बेच लगाकर स्वागत किया गया वही समाज के बच्चों द्वारा स्वगत गीत के साथ मनमोहक संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। जिला समिती के लोगों ने जुन्नारदेव ब्लाक के नव नियुक्त महिला पुरूष पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गये।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मेहरा डेहरिया समाज कोषाध्यक्ष टी.पी. डेहरिया, जिला सचिव दिनेश डेहरिया, जिला उपाध्यक्ष ललित डेहरिया, चौरई संजय डेहरिया, जुन्नारदेव महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष उमा डेहरिया, कार्यकारी अध्यक्ष छाया डेहरिया, सचिव रैना हारले, कोषाध्यक्ष विनीता डेहरिया, महिला उपाध्यक्ष छाया मेहरा, ब्लाक अध्यक्ष रवि बेले, जुन्नारदेव रमेश बेले, जिला सरक्षक दीपक बछलिया, संतोष डेहरिया, दयालु बेले, मनीष नागले, अंकित डेहरिया, ब्लाक महिला प्रकोष्ठ ब्लाक अध्यक्ष आशा डेहरिया, कंचन बेले, संगीता डेहरिया, नंदनी नागले, सविता डेहरिया, पूनम डेहरिया, पिंकी बछलिया, लक्ष्मी पंडोले, कांति पंडोले, परासिया ब्लाक अध्यक्ष विमल डेहरिया, अशोक डेहरिया सहित सैकड़ों सामाजिक जन उपस्थित रहे।

## सौसर के सामूहिक विवाह में 263 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में



**सौसर, देशबन्धु।** भाजपा सरकार ने प्रदेश के लाखों गरीब पिताओं को उनकी बेटियों की शादी की चिंता को दूर किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा संचालित हो रही मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना के माध्यम से अब गरीब भी अपनी बेटियों की शादी धूमधाम से कर पा रहा है। गरीबों के कल्याण के लिए मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह एक महत्वपूर्ण योजना है। इससे गरीब भी अपनी बेटी का विवाह बाजे गाजे और धूमधाम से सम्मान के साथ कर पा रहा है।

### एक करोड़ 28 लाख 87 हजार के प्रतीकात्मक चेक किये गए वितरित

उक्त आशय के उदगार सांसद बंटी विवेक साहू ने सौंसर में आयोजित मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना के सामारोह को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर उन्होंने नव विवाहित जोड़ों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर से शुभकामनाएं दी और नवविवाहित जोड़ो पर फूल बरसाये।

सांसद श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में गरीब के कल्याण के लिए निकली योजनाओं में कन्यादान योजना भी महत्वपूर्ण योजना है। पहले गरीब को बेटी के विवाह की सम्मान के साथ करने की चिंता रहती थी। इस योजना से सम्मान के साथ गरीब अपनी बेटी का विवाह कर पा रहा है। आज हजारों लोगों की उपस्थिति में विवाह हुआ हो रहे है।

इस योजना में प्रदेश में छिन्दवाड़ा सर्वाधिक विवाह कराने पर प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। जिसमें 9 ब्लॉकों में सर्वाधिक 4,230 विवाह संपन्न हुए। छिन्दवाड़ा जिले मे सर्वाधिक 5,300 विवाह कराने के साथ ही पूरे प्रदेश में छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा भी प्रथम स्थान पर है। इसके लिए वे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त करता हूं।

सौंसर के बिरसा मुंडा भवन के प्रागंण में आयोजित मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत गुरूवार को 263 जोडों ने एक दूसरे का हाथ थामा। जिसमें नवविवाहित जोड़ों के बौध्द धर्म, हिंदू रीति रिवाज, मुस्लीम निकाह एवं आदिवासी संस्कृति से विवाह हुए।

कार्यक्रम में सांसद बंटी विवेक साहू, पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री नानाभाऊ मोहोड़, कलेक्टर अजय देव शर्मा, विधायक विजय रेवनाथ चौरे, भाजपा जिला अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहोड़, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा इंदरचंद डागा के द्वारा प्रमुख अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में वर वधुओं को 1 करोड़ 28 लाख 87 हजार के प्रतिकात्मक चैक प्रदान किये गये।

इससे पहले संकल्प स्कूल सौसर से बारात निकली जो गाजे-बाजे के साथ विवाह स्थल बिरसा मुंडा भवन के प्रांगण में आयोजित विवाह स्थल पहुंची। बारात में सभी जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण उपस्थित रहे। बडी संख्या में स्थानीय नागरिक भी विवाह समारोह में पहुंचे।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नीलिमा नरेन्द्र पाटिल, जनपद पंचायत सौंसर अध्यक्ष संजय भूते, उपाध्यक्ष नारायण वाडोदे, नगर पंचायत मोहगांव अध्यक्ष संदीप घाटोड़े, वरिष्ठ भाजपा नेता राजू नरोटे, भाजपा के अनेक पदाधिकारी थे

## रसोई गैस के बढ़े हुए दामों के खिलाफ महिला कांग्रेस का प्रदर्शन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शहर महिला कांग्रेस ने रसोई गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि किए जाने पर विरोध जताते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी महिला कांग्रेस की नेत्रियों ने ई.एल.सी. चौक पर बीच सड़क पर लकड़ी का चूल्हा जलाकर पोहा पकाया और आपस में बांटकर उसे गृहण कर रसोई गैस के बढ़े हुए दामों के बाद शहर व गांव में निर्मित होने वाली वस्तु स्थिति से अवगत कराया।

### बीच सड़क पर जलाया लकड़ी का चूल्हा और पोहा पका कर खाया

भाजपा सरकार के द्वारा रसोई गैस सिलेण्डर के दामों में सीधे 50 रुपए की मूल्य वृद्धि के खिलाफ महिला कांग्रेस ने रोष व्यक्त करते हुए जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस की महिला पदाधिकारियों ने कहा कि भाजपा सरकार ने चुनाव से ठीक पहले 300 रुपए में रसोई गैस सिलेण्डर देने का वादा किया था, आज तक वह पूरा नहीं हो पाया, लेकिन सरकार ने 50 रुपए की मूल्य वृद्धि कर पुनः जनविरोधी चेहरे को उजागर कर दिया।

केवल रसोई गैस ही नहीं पेट्रोल व डीजल के दाम भी आसमान पर है जिससे प्रत्येक नागरिक आर्थिक रूप से जूझ रहे। अब रसोई गैस सिलेण्डर के बढ़े हुए दामों ने महिलाओं के रसोई का बजट एक बार फिर बिगाड़ दिया है। महिला कांग्रेस की नेत्रियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रसोई गैस सिलेण्डर के बढ़े हुए दामों को तत्काल वापिस लेने की मांग की साथ ही 300 रुपए में रसोई गैस देने का वादा भी याद दिलाया।

आयोजित प्रदर्शन में मंजू बैस, किरण चौधरी, दीपा यादव, रानू डेहरिया, अन्नू अरोरा, सरला सिसोदिया, संगीता ठाकुर, संतोषी गजभिये, मनीषा पाल, साधना जंघेला, साक्षी चौबे, पिंकी चौधरी, शोभा शर्मा, माया सूर्यवंशी, यास्मीन कुरैशी, आम्रपाली, ममता चौखे, स्मिता ठाकुर, नज़मा, रेणु तिवारी, बिनिता, शालिनी राउत, अर्चना, जुबेदा बी, नूरजहां, राधा सैनी, सपना वर्मा, फरीदा बाजी, बबीता गजभिये व अलका, प्रियंका, सोनम, नेहा सहित अन्य कांग्रेस की पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रही।



# अनुबंध पर बोई मक्के की आठ किस्में, हुआ फायदा





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर छिंदवाडा शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार जिले मे पहली बार पॉपकार्न की कॉन्ट्रेक्ट फार्मिंग के तहत शाह नानजी नागसी एक्सपोर्ट प्रा.लि. गुजरात बेस्ट कंपनी द्वारा भूमिजा एफ.पी.ओ. चांद के किसानों के साथ नवाचार कराया गया है, जिसमे नवाचार के तौर पर पॉपकार्न की 8 किस्मों को कंपनी के द्वारा एफ.पी.ओ. के माध्यम से नि:शुल्क बीज प्रदाय किया जाकर कॉन्ट्रेक्ट फार्मिंग की गई।

कंपनी द्वारा प्रदाय समस्त किस्मों में च-10 पॉपकार्न किस्म के सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त हुए हैं। कृषकों के यहॉं माह नवंबर 2024 में 5 किस्मों का ट्रायल डाला गया था, जिसकी तुड़ाई 10 से 20 अप्रैल 2025 तक की गई, जिसमें च-10 पॉपकार्न की उपज अधिकतम प्रति एकड़ 31 क्विंटल भूट्टे प्राप्त हुए जिसे कंपनी द्वारा 3500 रूपये प्रति क्विंटल क्रय करने पर शुद्ध लाभ 93500 रूपये प्राप्त हुए। पॉपकार्न रबी मौसम में गेहूँ-मूँग एवं रबी मक्का से अधिक फायदेमद साबित हुई हैं।

भूमिजा एफ.पी.ओ. के सी.ई.ओ. प्रदीप चौरसिया द्वारा बताया गया कि च-10 पॉपकार्न के बेहतर परिणाम प्राप्त हुए हैं। कृषक जिले मे नई फसल के परिणामो एवं कम लागत मे अधिक लाभ को देखते हुए बहुत ही उत्साहित है एवं आगामी सीजन में 500 एकड़ तक की कार्ययोजना है।

कृषि वैज्ञानिकों द्वारा भी पॉपकार्न को जिले के लिए अधिक उपयोगी बताया गया हैं।

डीन उद्यानिकी महाविद्यालय चंदनगांव डॉ. आर.सी. शर्मा द्वारा समस्त पैकेज ऑफ प्रेक्टिसेस के साथ पॉपकार्न को लिये जाने की बात कही गई, ताकि समय पर कीटव्याधि प्रबंधन किया जा सके और उच्चतम उत्पादन प्राप्त किया जा सके।

उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा पॉपकार्न मक्के के जिले मे प्रथम बार किये गये नवाचार को बहुत उपयोगी बताते हुए कृषकों को अपनाने की सलाह दी गई हैं। साथ ही भूमि की उर्वरकता को बनाये रखने हेतु फसल चक्रण में जिस खेत में अनाज वाली फसल ली गई है, उस खेत मे दलहनी फसलों को लिये जाने की अपील की गई हैं साथ ही यह भी अपील की गई कि नरवई बिलकुल न जलाऐं और इसमें सहयोग प्रदान करें।

# मजदूरों की कुर्बानियों के कारण मिले हैं अधिकार : सीटू

**परासिया, देशबन्धु।** लाल झंडा कोल माइंस मजदूर यूनियन सीटू ने परासिया के पेंच स्टॉफ क्लब में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत झंडा वंदन और शहीद बेदी पर वीर शहीद मज़दूरों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई।

इस अवसर पर सीटू के राष्ट्रीय सचिव प्रमोद प्रधान ने मई दिवस के इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आठ घंटे काम, आठ घंटे विश्राम एवं आठ घंटे मनोरंजन के अधिकार दिलाने वाले मजदूर शहीदों की कुर्बानियों को याद करने का दिन है। जिनके कारण मजदूर सुख और सम्मान से जी रहे हैं और उनके संघर्षों से दुनिया रौशन है।

सीटू के वेकोलि अध्यक्ष जगदीश डिगरसे, पाथाखेड़ा महासचिव गणेश गुज़रे, पेंच-कन्हान के अध्यक्ष अमरनाथ सिंह, अशोक भारती, संतोष साहू, विकास सातनकर, दीलीप भारती ने भी उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री मीर हसन ने किया।

इस अवसर पर लाल झंडा लेकर कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए गुरु गोविंद सिंह चौक तक रैली भी निकाली।

## प्रशिक्षण जागरूकता कार्यशाला पांच मई को

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** उद्योग संचालनालय म.प्र. शासन से प्राप्त निर्देशानुसार विभाग द्वारा जारी नवीन नियमों-नीतियों, योजनाओं तथा भारत सरकार की रैम्प योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किए जाने के लिये जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र छिंदवाड़ा एवं लघु उद्योग निगम द्वारा 5 मई 2025 को एक दिवसीय प्रशिक्षण व जागरूकता कार्यशाला का आयोजन के.एम. होटल, सिवनी रोड जिला छिंदवाड़ा में दोपहर 12. 00 बजे से किया गया है।

**सार-समाचार**

## जैन समाज ने मनाया गुरुदेव श्री का 146 वा उपकार दिवस



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** वैशाख सुदी दूज के शुभ दिन दिगंबर जैन मुमुक्षु समाज के साथ अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन एवं वीतराग विज्ञान पाठशाला द्वारा विविध अनुष्ठानों के साथ आध्यात्मिक सत् पुरुष गुरुदेवश्री कानजी स्वामी का 136 वां उपकार दिवस मनाकर उनके उपकारों को याद किया गया।

फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन ने बताया कि कार्यकम का शुभारंभ प्रात: काल की मंगल बेला पर अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जिनालय में श्री जिनेन्द्र पूजन से हुआ पश्चात स्वाध्याय भवन में गुरुदेवश्री के वीडियो सीडी प्रवचनों के माध्यम से गायक भगवान आत्मा की महिमा जानी। धर्म सभा में बाल ब्रह्मचारणी ममता दीदी अमायन, डॉ. आरती जैन सहित स्थानीय विद्वानों में अशोक जैन, चितरंजन जैन, डॉ. विवेक जैन के श्रीमुख से गुरुदेवश्री के जीवन दर्शन पर अनमोल बातों को सुना। संध्या की बेला पर वीतराग भवन में वीतराग विज्ञान पाठशाला द्वारा सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर गुरुदेवश्री के उपकारों को याद किया गया, जिसमे नृत्य नाटिका गुरुदेवश्री की गौरव गाथा सहित विद्यार्थियों की सुंदर प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन दीपक राज जैन, वर्षा पाटनी, आर्या जैन, भावना जैन, शुचिता जैन, सोनम पाटनी ने किया।

इस अवसर पर गुरुदेवश्री के उपकारों को याद करते हुए श्रीमती अनीता कौशल, पूजा जैन, राजेश जैन, सचिन जैन ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति देकर गुरुदेवश्री को नमन किया ओर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रकाश अहिंसा, संस्कृति जैन, इशिता जैन, दिवस शास्त्री, समकित जैन, अनिल जैन अध्यात्म एजेंसी सहित सभी का सहयोग प्राप्त हुआ।

## वार्ड नम्बर 40 में पानी की समस्या

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गत 30 अप्रैल 2025 को अक्षय तृतीया त्यौहार के दिन व दूसरे दिन नगर निगम द्वारा जल की सप्लाई नहीं की गयी, हम शंकर नगर वासी वार्ड नं. 40 के निवासियों को काफी परेशानी हो रही है। क्या हिन्दुओं के हर त्यौहारों में नगर निगम की सप्लाई व बिजली विभाग द्वारा बिजली सप्लाई बंद त्यौहारों में ही क्यों की जाती है। समझाये कल 02 मई 2025 को पानी की सप्लाई नहीं दी गयी तो समस्त शंकर नगर वासी निगम कार्यालय के सामने भूख हड़ताल पर बैठ जायेंगे। साथ ही वार्ड में पानी भी गंदा एवं मटमलैया फ्लोराइडयुक्त पानी आ रहा हैं जिसकी जांच के लिये कई बार निगम को सूचित किया गया इसके बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं।

## कार के सामने आते ही बस चालक ने लगाए ब्रेक, बची जान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। गुरूवार को इमलीखेड़ा स्थित फ्लाइ ओवर के पास सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार बस के सामने एक कार आ गई। गनीमत ये रही कि बस ड्राइवर ने समय पर ब्रेक लगा लिया, नहीं तो हादसा गंभीर रूप ले सकता था। हादसे की वजह तो पता नहीं चल सकी है लेकिन बताया जा रहा है कि कार चालक तेज गति से गलत दिशा में आ गया, जिसके कारण ये स्थिति बनी। ड्राइवर की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। हादसे के बाद बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई थी। फिलहाल पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में कर लिया है।



# बगलामुखी धाम गुरैया में धार्मिक अनुष्ठान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा जिले के प्रसिद्ध मां बगलामुखी धाम गुरैया में नित्य हो रहे पीताम्बरा यज्ञ और धार्मिक अनुष्ठानों से भक्तों के जीवन में चमत्कारी परिवर्तन आ रहे हैं।

मां बगलामुखी उपासक और पीठाधीश्वर आचार्य पंडित संजय भार्गव का कहना है कि कलयुग में मां बगलामुखी देवी एक महान शक्ति हैं, जिनकी साधना से मनुष्य के जीवन में उत्पन्न प्रारब्ध दोष, ग्रह दोष, संस्कार दोष, कर्म दोष तथा भाग्य दोषों का नाश होता है।



पंडित आदित्य भार्गव ने बताया कि मां बगलामुखी की शक्ति इतनी प्रचंड है कि समस्त विश्व की शक्तिया मिलकर भी उसका सामना नहीं कर सकतीं। इसी कारण इन्हें ब्रह्मास्त्र महाविद्या कहा गया है। उन्होंने कहा कि जहाँ.जहाँ माँ बगलामुखी के यज्ञ होते हैं, वहाँ चमत्कारिक विकास की गंगा बहने लगती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि माँ ताप्ती के उद्गम क्षेत्र मुलताई में वर्षों से कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर रखा था, जिसकी आम जनता को भनक भी नहीं थी। लेकिन मां बगलामुखी महायज्ञ होने के बाद वहाँ दिव्य चमत्कार शुरू हो गए। आचार्य पंडित संजय भार्गव आगे बताया कि आगामी 5 मई 2025 को मां बगलामुखी जयंती के अवसर पर बगलामुखी धाम गुरैया में एक विशाल मां बगलामुखी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा, विशेष आहुतियाँ डाली जाएंगी।

इस बीच पंडित हिमांशु ने बताता कि छिंदवाड़ा जिले के मां बगलामुखी की कृपा पाने के लिये मां बगलामुखी धाम गुरैया पहुंचे। उन्होंने बताया कि वे अपने जीवन में शारीरिक, मानसिक और आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे थे और पंचमुखी हनुमान जी एवं मां बगलामुखी की चालीसा का नियमित पाठ प्रारंभ किया जाएगा

## हरियागढ़ में राहगीरों के लिए लगाई प्याऊ

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार म.प्र.जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन एवं विकासखंड समन्वयक संजय बामने के कुशल मार्गदर्शन में आज मजदूर दिवस के अवसर पर विकासखंड जुन्नारदेव के ग्राम हरियागढ़ में स्थित किला जाटवा शाह राजा मुख्य मार्ग में प्याऊ लगाई गई।



जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक जुन्नारदेव संजय बामने की उपस्थिति में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कन्हान वनग्राम परिवर्तित दृष्टि सामाजिक विकास एवं कल्याण संस्थान जुन्नारदेव के नेतृत्व में भीषण गर्मी को देखते हुए जनहित में जाटवा शाह राजा स्थान पर राहगीरों के लिए पीने के पानी प्याऊ की व्यवस्था की गई।

ताकि गर्मी के समय में भी आवागमन करने वाले राहगीर अपनी प्यास बुझा जा सके। इस उद्देश्य से प्याऊ की स्थापना की गई तथा प्रतिदिन पानी की उपलब्धता रहे, इसकी सुनिश्चितता तय की गई।

# जातिगत जनगणना कराने का केन्द्र सरकार का निर्णय ऐतिहासिक




**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अखिल भारतीय ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओबीसी ललित कुमार एवं राष्ट्रीय सचिव एडवोकेट देवेंद्र वर्मा ने संयुक्त रूप से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि भारत सरकार द्वारा जातिगत जनगणना कराये जाने, केंद्रीय मंत्री परिषद के फैसले को ऐतिहासिक कदम बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

एडवोकेट देवेंद्र वर्मा ने कहा कि अखिल भारतीय ओबीसी महासभा, ओबीसी महासभा ओबीसी एडवोकेट वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा लगातार जातिगत जनगणना कराये जाने को लेकर राष्ट्रीय, प्रदेश स्तरीय, जिला स्तरीय और तहसील स्तर से जातिगत जनगणना कराये जाने को लेकर जन आंदोलन गिरफ्तारी धरना प्रदर्शन व ज्ञापन राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को दिया गया था लंबित मांग को मोदी सरकार की कैबिनेट बैठक में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया है।

इस जनगणना से समाज में सामाजिक समानता स्थापित होगी, जो सबका साथ-सबका विकास को चरितार्थ करेगी। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना के आंकड़ों के आधार पर सभी जातियों को जनसंख्या के अनुपात में सभी क्षेत्रों में बराबर की भागीदारी सुनिश्चित हो सकेगी जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी सभी क्षेत्रों मे आंकड़ों के हिसाब से प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जा सकेगा और योजना आयोग से वास्तविक रिपोर्ट सरकार को मिल सकेगी।

इसी अनुपात में नई-नई योजनाएं क्रियान्वित होगी 1931 से लेकर वर्तमान तक जातिगत जनगणना नहीं की गई थी जिसके कारण विभिन्न संगठनों द्वारा लगातार उक्त मांग की जाती रही है और उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय में भी रिट पिटीशन दायर है ओ.बी.सी. एडवोकेट वेलफेयर एसोसिएशन लगातार इस आशा की लड़ाई कानूनी रूप से लड़ते आ रहा है संसदीय कमेटी द्वारा लिया गया निर्णय ऐतिहासिक कदम से सभी वर्गों में खुशी व्याप्त है वर्मा ने आशा व्यक्त की है कि जातिगत जनगणना कराने की ओबीसी सामाजिक संगठनों के बहुत पुरानी लंबित मांग का पटाक्षेप होगा। अखिल भारतीय ओबीसी महासभा केंद्र सरकार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करती है ।

# रोटेरियन विनोद तिवारी एवं नीलेश गुप्ता हुए सम्मानित





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** रोटरी क्लब 3040 के वर्ष 2025 -26के निर्वाचित अध्यक्ष एवं सचिव के लिए लर्निंग सेमिनार का आयोजन गत दिवस इंदौर में आयोजित किया गया था। रोटरी क्लब ऑफ छिंदवाड़ा से वर्ष 2025-26 के अध्यक्ष रोटे विनोद तिवारी एवम सचिव रोटे निलेश गुप्ता ने लार्निग सेमिनार में प्रतिनिधित्व किया।

उक्त सेमिनार का उद्देश्य सामाजिक सरोकार से जुड़े सेवा प्रकल्पो को प्रभावी रूप से संचालित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इनकमिंग प्रेसिडेंट रोटे. विनोद तिवारी ने सेमिनार में क्लब के माध्यम से अनेकों सेवा भावी कार्यों जानकारी साझा करने के साथ साथ स्थाई सेवा प्रकल्प एवम ग्लोबल ग्रांट, सी.एस.आर. फंड के साथ प्रोजेक्ट करने हेतु एम.ओ.यू. साइन किया गया।

## लर्निंग सेमिनार का आयोजन

लार्निंग सेमिनार में वर्ष 25-26 के अध्यक्ष रोटे विनोद तिवारी एवम सचिव निलेश गुप्ता को डिस्टिक गवर्नर रोटे. सुशील मल्होत्रा एवम रोटे. रूबी मल्होत्रा के हस्ते समापन समारोह पर सम्मानित किया गया।

इसके साथ ही रोटरी डिस्ट्रिक 3040 के द्वारा आयोजित ग्रांट मैनेजमेंट सेमिनार में क्लब की और से वर्ष 2025-26 के क्लब अध्यक्ष रोटे. विनोद तिवारी, सचिव रोटे. निलेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रोटे. रूपल अग्रवाल, रोटे. मनोज अग्रवाल रोटे., निलेश लाठ ने भाग लेते हुए ग्लोबल ग्रांट सी.आर.एस. फंड मेनेजिंग सहित आगामी वर्ष में सेवा कार्यों को योजना बनाने, टीम लीडरशिप कौशल विकसित करने प्रशासनिक प्रक्रियाओं को समझने पर विस्तृत चर्चा की गई।

डिस्ट्रिक 3040 के 81 क्लब निर्वाचित क्लब अध्यक्ष एवम सचिव ने सेमिनार में हिस्सा लिया। सभी सत्रों का संचालन पूर्व मंडलाध्यक्ष नलिनी लंगर एवम पूर्व मंडलाध्यक्ष गजेंद्र नगर ने किया। सेमिनार में रोटरी डिस्ट्रिक के सीनियर धीरेंद्र दत्ता, असीम मलिक, संस्कार कोठरी, रोटे. मुकेश साहू, रवि लंगर, अशोक तातेड, संजीव गुप्ता, नितिन डफोरिया, ऋतु ग्रोवर, जिनेद्र जैन, प्रशांत सारफ, रूबी मल्होत्रा, सिम्मी मालिक, दीप्ति कोठरी, प्रीति साहू, घनश्याम सिंह ने मार्गदर्शन दिया।

# सांसद ने दो पीड़ित परिवारों को 25-25 हजार रुपए की व्यक्तिगत मदद की

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** संवेदनशील सांसद बंटी विवेक साहू अपने संसदीय क्षेत्र की जनता के हर सुख .दुख में कांधे से कांधा मिलाकर उनके साथ खड़े रहते हैं। सांसद निधि के अलावा वे अपनी व्यक्तिगत राशि से भी जनसेवा के कार्य कराने तत्पर रहते हैं। पीड़ितों की सेवा करने और उनकी मदद के लिए हरसंभव प्रयास करने वाले सांसद बंटी विवेक साहू ने पांढुरना क्षेत्र के दो गरीब परिवारों को व्यक्तिगत रूप से 25-25 हज़ार रुपए की आर्थिक मदद की है।

पांढुरना के मालेगांव के दो युवक दीपक पिता श्रावण घाघरे एवं आदित्य पिता जितेंद्र उईके की पिछले दिनों नरसिंहपुर के गाडरवाड़ा में नर्मदा जी में नहाते समय डूबने से मृत्यु हो गई थी। दोनों युवकों की असामायिक मृत्यु से गहरे शोक में डूबे दोनों परिवारों से मिलने सांसद बंटी विवेक साहू मालेगांव पहुंचे। यहां उन्होंने घटना पर गहरा दुख जताया और शोक संतृप्त परिवार को संबल प्रदान करने परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की। वहीं पीड़ित परिवारों को व्यक्तिगत रूप से अपनी ओर से 25-25 हज़ार रुपए की आर्थिक सहायता दी है।

इसके अलावा परलोक वासी दोनों युवकों की आकस्मिक मृत्यु पर उनके परिजनों को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराने पांढुरना और नरसिंहपुर जिले के कलेक्टरों से दूरभाष पर चर्चा का जल्द से जल्द आवश्यक कार्यवाही पूरी कराने निर्देश दिए।

